DAINIK BHASKAR, Surat, 13.11.2023
Page No. 2, Size:(29.75)cms X (10.60)cms.

विकास की तेज रफ्तार

बुलेट ट्रेन के स्टेशन का रेल लेवल-कॉन्कोर्स स्लैब तैयार, 80% से ज्यादा काम हो चुका

सूरत | स्पीड बुलेट रेल का स्टेशन सूरत जिले के अंत्रोली गांव में बन रहा है। 58,352 वर्गमीटर क्षेत्र में इस स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। स्टेशन की कुल ऊंचाई 26.3 मीटर है। सूरत एचएसआर स्टेशन का 450 मीटर लंबा कॉनकोर्स और 450 मीटर लंबा रेल लेवल स्लैब पूरा हो चुका है। साथ ही सूरत हाई स्पीड रेल स्टेशन का कुल 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। डायमंड सिटी को ध्यान में रखते हुए इसे हीरे के आकार के फ्लोटिंग आइलैंड स्टेशन की तरह बनाया जा रहा है। सूरत हाई स्पीड स्टेशन बनाने में कुल 40 हजार क्यूबिक मीटर सीमेंट का इस्तेमाल हो चुका है। अंत्रोली कुल चार प्लेटफॉर्म होंगे, जिसका निर्माण शुरू हो गया। इसके अलावा ऊपर कवर शेड लगाने के लिए अब आयरन पिलर भी लगने शुरू हो गए है। अगले साल अप्रैल महीने तक यह स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा।